## औरैया पुलिस

**प्रेस-नोट** **दिनांकः-04.08.2026**

### थाना सहायल पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अंतर्जनपदीय मोटर साइकिल चोरों को 05 अदद मोटर साइकिल सहित किया गया गिरफ्तार-

**कार्यवाही-** श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक औरैया व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सहायल पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अंतर्जनपदीय मोटर साइकिल चोरों 1.प्रान्सू पुत्र अमरेश सिंह 2.लालू पुत्र अमर सिंह को चोरी की हुई 05 अदद मोटर साइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 03.08.2026 को थाना सहायल पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत मामूर होकर ग्राम थुलपिया चौराहा पर चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि 02 व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल लेकर ग्राम भैंसोडी से इधर आ रहे है। प्राप्त सूचना पर थाना सहायल पुलिस टीम द्वारा 02 अलग-अलग मोटर साइकिल पर सवार व्यक्तियों को घेरघार कर पकड लिया। तथा मोटरसाइकिलों को चेक किया गया तो मोटर साइकिल चोरी की होना पता चला। व्यक्तियों से कडाई से पूछताछ की गयी तो उन्होने 03 अन्य मोटरसाइकिल की चोरी करने के सम्बन्ध में बताया जिन्हें उन्होने ग्राम भेंसोडी में छिपा रखा था। जिन्हे अभियुक्तगण की निशानदेही पर बरामद किया गया। पूछताछ एवं बरामदगी के आधार पर थाना सहायल पर अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**नोट- अभियुक्तगण से बरामद मोटर साइकिल UP83BB8655 के सम्बन्ध में थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद में मु0अ0सं0-273/2026 धारा 303(2) बीएनएस व मोटर साइकिल UP80GQ1944 के सम्बन्ध में थाना एत्मादपुर जनपद आगरा में अभियोग मु0अ0सं0 452/24 धारा 303(2) बीएनएस तथा मोटर साइकिल UP82AU0982 के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर जनपद एटा पर अभियोग मु0अ0सं0 71/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है तथा शेष 02 मोटर साइकिलों के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।**

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि वे विभिन्न जगहों से मोटर साइकिलें चोरी करते थे। तथा मोटर साइकिलों की पहचान छिपाने के लिये उनकी नम्बर प्लेट हटा देते थे या फर्जी नम्बर प्लेट लगा देते थे। जिन्हे वे सस्ते दामों पर बेचकर पैसा कमाते थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण-**

1.प्रान्सू पुत्र अमरेश सिंह निवासी ग्राम भैंसोडी थाना सहायल जनपद औरैया।

2.लालू पुत्र अमर सिंह कुशवाह निवासी ग्राम भैंसोडी थाना सहायल जनपद औरैया।

**अनावरित अभियोग-**

1.मु0अ0सं0 273/2026 धारा 303(2) बीएनएस थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद

2.मु0अ0सं0 452/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना एत्मादपुर जनपद आगरा

3.मु0अ0सं0 71/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद एटा

**पंजीकृत अभियोग-**

1.मु0अ0सं0 122/26 धारा 317(2)/336(2) बीएनएस थाना सहायल जनपद औरैया।

**आपराधिक इतिहास-**

आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**बरामदगी-**

05 अदद मोटर साइकिल

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.थाना प्रभारी श्री रमेश सिंह थाना सहायल मय हमराह।

2.उ0नि0 शकील अहमद थाना सहायल जनपद औरैया मय हमराह।